# यमुनोत्री धाम पैदल मार्ग पर लगा लंबा जाम, पुलिस के छूटे पसीने

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
यमुनोत्री तीर्थ धाम में श्रद्धा का सैलाब उमड़ रहा है, जिससे एक किलोमीटर दूर तक जाम लग गया। जाम को खुलवाने में पुलिस के पसीने छूट गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता महावीर सिंह माही ने बताया कि यमुनोत्री धाम में सोमवार को भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिससे कि यमुनोत्री धाम से लेकर के 1 किलोमीटर दूरी तक लंबा जाम लग गया। इसमें फंसे श्रद्धालुओं और पैदल चल रहे यात्रियों के बीच झगड़ा शुरू हो गया था।
गौरतलब है कि सोमवार को खराब मौसम के बीच भी चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं है। आज यमुनोत्री धाम में सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचे। इससे श्रद्धालुओं और घोड़े-खच्चर, डंडी कंडी वालों के साथ धक्का-मुक्की शुरू हो गई। जाम से निजात दिलाने में पुलिस के पसीने छूट गये।



## धार्मिक स्थलों में टप्पे बाजी करने वाले गिरफ्तार

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
मुनी की रेती पुलिस ने उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों में सक्रिय उठाईगीर (टप्पेबाज) गैंग के 8 सक्रिय सदस्यों को साढ़े 14 हजार रुपयों के साथ गिरफ्तार कर लिया।
थाना मुनि की रेती प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि पिछले कई दिनों से चारधाम यात्रा के दौरान तीर्थ स्थलों पर आने वाले यात्रियों के साथ असामाजिक तत्वों का चोरी आदि की घटनाएं घटित किये जाने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं।
इनकी धरपकड़ के लिए गठित पुलिस टीमों ने लगभग 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण कर डाटा से प्राप्त 500 मोबाइल नम्बरों के सीडीआर का विश्लेषण किया। इसके आधार पर पताचला कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई गैंग चारधाम के तीर्थ स्थलों पर चोरी आदि की घटनाओं के लिये टोली बनाकर आये हुए हैं। इसके बाद दयानन्द घाट मुनि की रेती पर चोरी की योजना बनाते हुए आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने पूछताछ में बताया कि वह लोग गोण्डा के निवासी हैं जो यात्रा सीजन और त्योहारों के अवसर पर तीर्थ स्थलों पर आते हैं।

## ऋषिकेश में संजय मिश्रा ने संतों से लिया आशीर्वाद

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
तीर्थनगरी ऋषिकेश में बॉलीवुड कॉमेडियन अभिनेता संजय मिश्रा के पहुंचने पर तुलसी मानस मंदिर के महंत रवि प्रपन्नाचार्य और ऋषि कुमार से वेद मंत्रों के बीच संतों से आशीर्वाद लिया। सोमवार की सुबह महंत रवि प्रपन्नाचार्य ने रघुनाथ मंदिर में उनकी पारिवारिक पूजा करवा कर मां गंगा का दूधाभिषेक किया।
इस अवसर पर रवि प्रपन्नाचार्य ने बताया कि बॉलीवुड अभिनेता संजय मिश्रा अपने पारिवारिक कार्यक्रम के तहत ऋषिकेश पूजा अर्चना कर मुंबई के लिए रवाना हो गए। उन्होंने बताया कि तीर्थ नगरी में मुझे संतों का आशीर्वाद मिला है, इससे बड़ा सौभाग्य मेरे लिए और कुछ नहीं है। उन्होंने समस्त मानव मात्र से अपील की कि प्रकृति के संतुलन और गंगा को स्वच्छ बनाकर रखें। गंगा के किनारे पौधारोपण करें। इस कलिकाल में गंगा ही साक्षात प्रमाण है। मुझे मां गंगा ने बुलाया और मेरे परिवार को मां गंगा ने आशीर्वाद दिया महंत रवि महाराज ने गोमुख का पवित्र जल और उत्तरीय रुद्राक्ष संजय मिश्रा को पहना कर उन्हें आशीर्वाद दिया।
संजय मिश्रा भारतीय फि ल्म के हास्य अभिनेता भी है। जिन्होंने अधिकतर हिन्दी फि ल्मों और टेलीविजन धारावाहिकों में अभिनय किया है।
2015 में इन्हें आँखों देखी के लिए फि ल्मफेयर क्रिटिक अवॉर्ड फॉर बेस्ट एक्टर से नवाजा गया। वह हाल ही में टोटल धमाल में दिखाई दिए।
इस अवसर पर फिल्म अभिनेता संजय मिश्रा ने गंगा सेवा एवं पर्यावरण सुरक्षा समिति के संरक्षक चंद्रवीर पोखरियाल, राहुल शर्मा गंगा सभा के अध्यक्ष, अभिषेक शर्मा, राम चौबे, दीपक दरगन, आचार्य अजय भट्ट आदि भी उपस्थित थे।




## आईआईटी में दो नई लैब्स का हुआ उद्घाटन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आईआईटी रुड़की के डायरेक्टर प्रोफेसर केके पंत ने डिपार्टमेन्ट ऑफ हाइड्रो एण्ड रीन्यूएबल एनर्जी में दो नई लैब्स रीन्यूएबल ग्रिड इंटीग्रेशन लैबोरेटरी और ग्रीन हाइड्रोजन लैबोरेटरी का उद्घाटन किया।
एचआरईडी ने इन दो लैब्स की स्थापना यह सुनिश्चित करने के लिए की है कि डिपार्टमेन्ट और आईआईटी रुड़की स्वच्छ उर्जा ग्रिड में भारत में आत्मनिर्भार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। फैकल्टी और छात्रों को सम्बोधित करते हुए प्रोफेसर पंत ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना और उर्जा के नवीकरणीय स्रोतों को बढ़ावा देना इन लैब्स का मुख्य उद्देश्य है, जिससे भारत को हरित हाइड्रोजन के उत्पादन और निर्यात के लिए ग्लोबल हब के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। शुद्ध शून्य कार्बन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए इलेक्ट्रिक ग्रिड का विकाबोर्नीकरण करना होगा। नवीकरणीय उर्जा पर आधारित पावर सिस्टत के विकास के लिए बड़े पैमाने पर नवीकरणीय उर्जा स्रोतों को तैनात किया जाएगा। प्रोफेसर मुकेश सिंघल, हेड एचआरईडी ने कहा कि विभाग स्थायी तरीके से नवीकरणीय उर्जा के सभी क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।



## कांग्रेस ने कर्नाटक के भाजपा उम्मीदवार के विरुद्ध दी तहरीर

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
महानगर कांग्रेस ने कर्नाटक में भाजपा के विधानसभा उम्मीदवार का कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उनकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दिए जाने को लेकर ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी है। ऋषिकेश कोतवाली में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व में दी गई तहरीर में कहा कि कर्नाटक प्रदेश की सीतापुर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा उम्मीदवार मणिकांत राठौर ने अखिल भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और उनकी धर्मपत्नी को जान से मारने की धमकी दी है।

## कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस विधायकों की जिलाधिकारी से बैठक बेनतीजा रही। इस दौरान हंगामा हो गया। इसके बाद विधायक बैठक बीच में ही छोड़कर बाहर आ गए। कांग्रेस नेताओं ने वहां जमकर हंगामा किया और प्रशासन पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया।
विधायकों का आरोप है कि प्रशासन भाजपा सरकार के इशारे पर कार्य कर रहा है।
जिलाधिकारी ने स्वयं कार्यवाही से पूर्व मंगलवार तक का समय दिया था, किन्तु समय से पूर्व की मजार को तोड़ दिया गया। प्रशासन जिले का माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहा।
विधायकों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। एकाएक धार्मिक स्थलों के तोड़फोड़ की क्या आवश्यकता आ गई थी। कहा कि जब वार्ता के लिए समय दिया गया तो इतनी जल्दी क्या थी। लोगों की आस्था से खिलवाड़ किया जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण के नाम तोड़फोड़ की जा रही है। वर्ष 2018 में भी इसी प्रकार चौड़ीकरण के नाम पर तोड़फोड़ की गई थी बाद में सड़क किनारे बिजली के पैनल लगा दिए गए। इस दौरान एसडीएम के साथ भी उनकी नोकझोंक हुई।
गौरतलब है कि प्रशासन द्वारा धार्मिक स्थलों को हटाने का कार्य किया जा रहा है। जिसका विरोध करते हुए विधायक रवि बहादुर, विधायक फुरकान अहमद, विधायक ममता राकेश, विधायक विरेंद्र जाती, विधायक अनुपमा रावत जिलाधिकारी विनय शंकर पांडे से वार्ता करने पहुंचे थे।
इस दौरान एसएसपी अजय सिंह, एसडीएम पूरण सिंह राणा, जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी, पूर्व राज्यमंत्री नईम कुरेशी, शहजाद कुरैशी, मकबूल कुरेशी, मुशर्रत गौड़ आदि उपस्थित थे



## न्यूज फ्लैश

### भाजपा अध्यक्ष भट्ट की मौजूदगी में कई लोग पार्टी में होंगे शामिल

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट की मौजूदगी में आज सायं हरिद्वार से दूसरे दल के नेता पार्टी में शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि भाजपा मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट के सानिध्य में हरिद्वार ज़िले के कई दिग्गज नेता विभिन्न दलों को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने का कार्यक्रम तय है। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री सांसद हरिद्वार डॉ रमेश पोखरियाल 'निशंक' भी उपस्थित रहेंगे।

### युवाओं को सामाजिक और आर्थिक मजबूती के लिए नशे से दूर रहने का किया आह्वान

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाऊं के पुलिस महानिरीक्षक ने 2025 तक उत्तराखंड को नशा मुक्त प्रदेश बनाने में युवाओं से सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा करने से न केवल आर्थिक नुकसान होता है बल्कि बीमारियों के साथ ही सोचने-समझने की शक्ति समाप्त हो जाती है।
आईजी डा.नीलेश आनंद भरणे साईं कृपा नशा मुक्ति केन्द्र कमलुवागांजा हरिपुर नायक पहुंचे और नशामुक्त केन्द्र में उपाचराधीन युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा के प्रभाव से व्यक्ति की सोचने समझने की क्षमता कम हो जाती है। ऐसे व्यक्ति अनेक ऐसे असामाजिक कार्य कर देता है, जिससे समाज में तनाव उत्पन्न हो जाता है। साथ ही युवाओं से आग्रह किया कि वे नशे से दूर रहकर उत्तराखंड राज्य के ह्लमिशन 2025 लक्ष्य नशा मुक्त उत्तराखण्डह्व में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि नशा करने वाले युवा न केवल परिवार और समाज से दूर हो जाते हैं, बल्कि मानसिक और अधिक रूप से कमजोर हो जाते हैं। उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा भी खत्म हो जाती है।
नशा मुक्ति केन्द्र के प्रोजेक्ट डायरेक्टर दुष्यन्त आहूजा ने 17 साल से नशे से दूर रहने के बाद के अनुभव को साझा किए। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र में औसतन रोगी की उपस्थिति 40 की है। नशा मुक्ति केन्द्र में रिकवरी रेट 20 प्रतिशत है। नशा मुक्ति केन्द्र में स्मैक,शराब, अफीम आदि नशे के आदतन रोगियों का इलाज किया जा रहा है। केन्द्र में बरेली, मुरादाबाद और कुमाऊ रेंज के रोगियों का इलाज किया जा रहा है।

## उत्तराखंड : दो दिन बाद पूरी तरह खुल जाएगा मौसम, उमड़ेगी यात्रियों की भीड़

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
अब उत्तराखंड के सभी जनपदों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। हालांकि पर्वतीय जनपदों के अनेक क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी का अनुमान है, लेकिन मौसम विभाग का कहना है कि दो दिन बाद प्रदेश में मौसम पूरी तरह खुल जाएगा।
मौसम विभाग ने अपने पांच दिनी पूवार्नुमान में 8 और 9 मई को पर्वतीय क्षेत्रों के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा जनपदों के अनेक स्थानों और अन्य क्षेत्रों में बारिश बर्फबारी का अनुमान जताया है।



जबकि मैदानी क्षेत्रों में भी कहीं कहीं हल्की से मध्यम वर्षा या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। 9 मई को भी कमोबेश यही स्थिति बनी रहेगी जबकि मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहेगा। प्रदेश में 10, 11, 12 मई को सभी जनपदों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है।

**⏩ सभी पदाधिकारियों एवं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की**

मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया है कि सोमवार को कहीं कहीं 40-50 किलोमीटर प्रति किलोमीटर की रफ्तार से झकड़ चल सकता है और बिजली चमकने की संभावना है।
इसके बावजूद दो दिन बाद प्रदेश में मौसम पूरी तरह खुल जाएगा।
उधर राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र ने जानकारी दी है कि चारधाम यात्रा में 5 लाख 15451 से अधिक यात्री पहुंच चुके हैं जबकि दैनिक रूप से यात्रियों की संख्या 40829 आंकी गई है। इनमें सर्वाधिक संख्या केदारनाथ में है, जहां 15748 यात्री पहुंचे हैं। दूसरे नंबर पर बद्रीनाथ धाम है, जहां 10025 यात्री पहुंच चुके हैं। गंगोत्री में 7624 और यमुनोत्री में 7432 यात्री पहुंच चुके हैं। मौसम खुला होने के कारण यात्रियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

## भाजपा स्थानीय निकाय की सभी सीटें जीतेगी : महेन्द्र भट्ट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा ने निकाय चुनावों में सभी सीटों को जीतने का दावा करते हुए स्पष्ट किया है कि पार्टी पर्यवेक्षक बूथ प्रबंधन को अंतिम रूप दे रहे हैं और आरक्षण पर तस्वीर साफ होते ही उम्मीदवार चयन पर काम शुरू हो जाएगा। पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कर्नाटक को लेकर कांग्रेस की एफआईआर पर प्रश्न खड़ा करते हुए कहा, हमें विश्वास है कि हमारे किसी कार्यकर्ता या प्रत्याशी ने ऐसी कोई बात कही होगी।

## वैशाली महिला सेल की जिला अध्यक्षा और नेहा बनीं सयुंक्त सचिव

**⏩ सभी पदाधिकारियों एवं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय समाज सुधार संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेश गौड़ और राष्ट्रीय महासचिव राम देव मौर्य ने संयुक्त रूप से संस्था का विस्तार करते हुए वैशाली गुप्ता को महिला सेल की कार्यवाहक जिला अध्यक्षा और मिस नेहा पांडे को संयुक्त सचिव के पद पर नियुक्त किया है।



उन्होंने इस पद पर दोनों पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुए विश्वास जताया है कि जनहित और राष्ट्रहित में गरीब, अशिक्षित जनता की समस्याओं का निदान करते हुए उन्हें केंद्र सरकार, राज्य सरकार की नियोजित योजनाओं से लाभान्वित कराएंगें।दोनों नव नियुक्त पदाधिकारियों ने संस्था के प्रति पूर्ण निष्ठा से सामाजिक कार्यों के निर्वहन का आश्वासन देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।
इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## केदारनाथ यात्रा पर घोड़े-खच्चरों का संचालन साप्ताहिक चक्रानुक्रम हुआ : चौहान



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
चारधाम यात्रा के दौरान केदारनाथ में उत्तरकाशी जिले के घोड़ा- खच्चर, डंडी- कंडी संचालकों को बाबा केदारनाथ धाम की यात्रा में समस्या आ रही थी। इस मामले को प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा मनवीर चौहान ने शासन के सम्मुख रखा, जिसमें त्वरित गति से शासन ने कार्रवाई की।
ब पंजीकृत घोड़े-खच्चर आदि को केदारनाथ यात्रा में संचालन करने की चक्रवार अनुमति मिल गई है। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के दृष्टिगत उत्तराखण्ड शासन पशुपालन अनुभाग-1 देहरादून ने केदारनाथ यात्रा मार्ग के लिए कुल 5000 अश्ववंशीय पशु की क्षमता में से 4000 (चार हजार) यात्रा और 1000 सामग्री ढुलान को निर्धारित की है। चूंकि वर्तमान तक लगभग 5100 यात्रा को और 1300 माल ढुलाई के लिए घोड़ा खच्चर पंजीकृत किये जा चुके हैं।
यात्रा मार्ग पर चलने वाले यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के दृष्टिगत शासन ने घोड़े-खच्चर की निर्धारित संख्या के अनुरूप यात्रा को सुनियोजित प्रकार से संचालित किये जाने को पैदल यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों को साप्ताहिक चक्रानुक्रम में संचालित करने का निर्णय लिया गया है। अब श्री केदारनाथ धाम पैदल यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों के साप्ताहिक चक्रानुक्रम में उत्तरकाशी जनपद को मंगलवार, गुरुवार और शनिवार के दिनों में संचालित होंगे।

## खेत में काम कर रहे किसान पर गुलदार ने किया हमला, घायल

**⏩ गुलदार के हमले में महक सिंह निवासी सोहलपुर घायल हो गया। उसे पास के ही अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नगर पंचायत इमलीखेड़ा क्षेत्र कलियर के वार्ड-3 माजरी गांव में गन्ने के खेत में काम करते हुए मजदूरों पर गुलदार ने हमला कर दिया। गुलदार के हमले में महक सिंह निवासी सोहलपुर घायल हो गया। उसे पास के ही अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।
बताया गया है कि माजरी गांव के किसान अपने खेतों की निराई-गुड़ाई करने के लिए गन्ने के खेतों में गये हुए थे। जहां सोमवार 11 बजे के करीब अचानक ही उन पर एक गुलदार ने हमला बोल दिया। इस हमले में एक मजदूर महक सिंह गुलदार से संघर्ष करते हुए जख्मी हो गया। जबकि अन्य मजदूर वहां से भाग निकले।
मजदूरों ने बताया कि घायल महक सिंह ने गुलदार के साथ संघर्ष कर अपनी और खेत में काम करने वाले मजदूरों की जान बचाई, जिसमें वह घायल हो गया। इसके बाद में ग्रामीण घायल को इमली खेड़ा सरकारी हॉस्पिटल में लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार कराया गया। सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गुलदार की धरपकड़ के लिए सर्च अभियान चलाया।
वन दरोगा, बीट अधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि गुलदार के हमले में एक ग्रामीण के घायल होने की सूचना मिली है। मौके पर पहुंचकर गुलदार को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।



## पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने की केंद्र सरकार की तारीफ

**रुड़की/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने केंद्र की मोदी सरकार की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत पिछले 9 वर्षों में दुनिया में छा गया है।
रामनगर चौक के पास स्थित एक होटल में आज पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने कहा कि यूपीए सरकार के समय में देश में प्रतिदिन मात्र 8 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण होता था, लेकिन आज देश में प्रतिदिन 40 किलोमीटर से भी ज्यादा का निर्माण किया जा रहा है।

## तेपे सिगमन सुपर ग्रांड मास्टर शतरंज टू गुकेश को हराकर अर्जुन नें की वापसी



**मालमो,स्वीडन।** तेपे सिगमन सुपर ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट में लगातार दो हार के बाद खिताबी दौड़ में काफी पीछे नजर आ रहे दूसरे वरीय भारत के ग्रांड मास्टर अर्जुन एरिगासी नें चौथे राउंड में टूर्नामेंट में सबसे आगे चल रहे हमवतन डी गुकेश पर जोरदार जीत दर्ज करते हुए वापसी की है । सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए अर्जुन नें राय लोपेज ओपनिंग से खेल की शुरुआत की और गुकेश नें अपने चित परिचित अंदाज में अपने राजा की ओर से ही आक्रमण शुरू कर दिया पर अर्जुन की तेज चालों नें गुकेश को समय में काफी पीछे छोड़ दिया और खेल की 32 वी चाल में जब गुकेश की घड़ी में सिर्फ 2 मिनट रह गए वह ऊंट की गलत चाल चल गए और फिर अर्जुन नें अपना हाथी बलिदान करते हुए 38 चालों में बाजी अपने नाम कर ली । चौथे राउंड के अन्य तीन मुकाबले बेनतीजा रहे , के अभिमन्यु मिश्रा नें स्वीडन के निल्स ग्रंडेलीयूस से , जर्मनी के विन्सेंट केमर नें इज़राइल के बोरिस गेलफंड और रूस के पीटर स्वीडलर नें नीदरलैंड के जॉर्डन वान फरिस्ट से मुकाबला ड्रॉ खेला । अब अगले राउंड में गुकेश के सामने अभिमन्यु मिश्रा तो अर्जुन के सामने जॉर्डन होंगे ।

## राजस्थान के कप्तान Sanju Samson बोले- नो-बॉल ने परिणाम को बर्बाद कर दिया

**जयपुर।** जीत की पोजीशन में पहुंच चुकी राजस्थान रॉयल्स को रोमांचक मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने हरा दिया। राजस्थान के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा की एक नो बॉल ने पूरा मैच पलट दिया। मैच गंवाने के बाद सैमसन ने इस पर बात भी की। उन्होंने कहा- आई.पी.एल. आपको यही देता है, इस तरह के मैच आई.पी.एल. को खास बनाते हैं। मुझे संदीप (अंतिम ओवर देना) पर भरोसा था। उसने हमें ऐसी ही स्थिति (चेन्नई के खिलाफ) से एक गेम जिताया है। उसने आज फिर ऐसा किया लेकिन उस नो-बॉल ने हमारे परिणाम को बर्बाद कर दिया।

सैमसन ने कहा- हमने इस विकेट पर उस तरह का स्कोर बनाने के लिए बल्ले से वास्तव में अच्छा खेला। मुझे लगता है कि उन्होंने (हैदराबाद) वास्तव में समझदारी से बल्लेबाजी की। जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की, उसका श्रेय उन्हें जाता है।

वहीं, आखिरी गेंद पर नो-बॉल आने पर उन्होंने कहा- इसके बारे में ज्यादा कुछ न हीं कहा जा सकता। यह नो बॉल थी। आप इसके बारे में ज्यादा नहीं सोच सकते। संदीप जानता था कि उसे क्या करना है। हो सकता है कि कुछ सेकंड के लिए उसकी मानसिकता में थोड़ा बदलाव आया हो। जब आपको लगे कि काम हो गया, हर कोई जश्न मना रहा था, तब आप कुछ और परिणाम पाते हैं। मुझे लगता है कि यही खेल की प्रकृति है। वहीं, बड़ा लक्ष्य देने पर सैमसन ने कहा कि हमने जो लक्ष्य रखा था, उसे देखकर खुश हो सकते थे लेकिन अंत में हम बिल्कुल भी खुश नहीं थे। वहीं, टूर्नामेंट में आगे की रणनीति पर बात करते हुए उन्होंने कहा- सच कहूं तो जीवन में इस प्रारूप को खेलना कभी आसान नहीं होता, खासकर इस टूर्नामेंट में। हर मैच में हमें अपना सर्वश्रेष्ठ स्तर का क्रिकेट खेलना होता है। हम वापस आएंगे और इसे फिर से करने की कोशिश करेंगे।

## शुभमन गिल की दो टूक- साहा से सीखने को हूं तैयार

**अहमदाबाद ।** गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में रिद्धिमान साहा के अनुभव से सीखने के इच्छुक हैं क्योंकि यह अनुभवी विकेटकीपर इस सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहा है। साहा टाइटंस के लिए शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 43 गेंद में 81 रन बनाए और गिल (51 गेंद पर 94 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 142 रन की साझेदारी की। टाइटंस ने यह मुकाबला 56 रन से जीता।

साहा और गिल दोनों शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन असफल रहे। दोनों की साझेदारी मौजूदा सत्र में किसी भी टीम की ओर से दूसरी सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। यह पिछले साल आईपीएल से जुड़ने वाली गुजरात की टीम की सबसे बड़ी साझेदारी है। गिल ने मैच के बाद कहा कि साहा के अनुभव को साझा करने के लिए मैं स्लिप में उनके बगल में खड़ा होता हूं। वह जिस तरह से खेल रहे हैं, वह शानदार है। वह आईपीएल के पहले सत्र से खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे शुरुआती ओवरों में बल्लेबाजी का अधिक मौका नहीं मिला लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि जब आपका साझेदार अच्छा कर रहा हो तो आप भावनाओं में मत बहो। मैंने पिछले 2 मैच में छक्के नहीं लगाए थे और आज मैंने कुछ छक्के लगाए।

# रोमांचक मुकाबले में आखिरी गेंद पर जीता हैदराबाद, राजस्थान को 4 विकेट से हराया

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2023 के 52वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 4 विकेट से हरा दिया। अंतिम ओवर में जीत के लिए हैदराबाद को 17 रनों की जरूरत थी लेकिन मैच की आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर अब्दुल समद ने मैच को सनराइजर्स के खाते में दर्ज करा दिया।

राजस्थान की ओर से मिले 215 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत काफी अच्छी रही। अभिषेक शर्मा और अनमोल प्रीत सिंह ने पहले विकेट लिए 51 रन की साझेदारी की। इस जोड़ी को यजुवेंद्र चहल ने अनमोलप्रीत (33 रन) को आउट कर तोड़ा। इसके बाद राहुल त्रिपाठी और अभिषेक के




बीच 65 रनों की तेजतर्रार पार्टनरशिप हुई। हालांकि 55 रन बनाकर अभिषेक आर. अश्विन का शिकार हो गए। फिर हेनरी क्लासेन ने 12 गेंदों में 26 रन और ग्लेन फिलिप ने 7 गेंदों में 25 रन बनाकर टीम की जीत की उम्मीद को बनाए रखा। आखिरी के क्षणों में राहुल त्रिपाठी भी 47 रन बनाकर आउट हो गए। तब अब्दुल समद ने मोर्चा संभाला और आखिरी गेंद पर छक्का मारकर जरूरी लक्ष्य को हासिल किया। राजस्थान के लिए चहल ने चार विकेट झटके, जबकि आर. अश्विन और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने 214 रनों की विशाल स्कोर बनाया। राजस्थान के लिए जोस बटलर ने 95, संजू सैमसन ने 66 और यशस्वी जायसवाल ने 35 रन की पारी खेली। हैदराबाद की तरफ से भुवनेश्वर कुमार और मार्को येनसन ने एक-एक विकेट झटके।

## प्रयागराज ओपन शूटिंग चैम्पियनशिप का शुभारम्भ



**प्रयागराज।** ईगल आई शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा आयोजित ओपन डिस्ट्रिक्ट शूटिंग चैम्पियनशिप में शहर के अवधेश पटेल, विष्णुप्रिया, महिमा, अक्षिता, सार्थक, वैभव, शुभांकर ने अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में जगह बनाई। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 150 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। बालसन चौराहा स्थित अकादमी परिसर में रविवार से शुरू प्रतियोगिता में प्रयागराज के निशानेबाजों के अलावा फतेहपुर की दिव्यांशी, आफिया, मुस्कान, लखनऊ के मिहिर श्रीवास्तव, वाराणसी के कृति कुमारी, अयोध्या की नीलू शर्मा ने अपने-अपने मुकाबले जीते। इसके पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि फूलपुर की सांसद केशरी देवी पटेल ने किया। अकादमी के कोच विजय चंदेल व फरीद सिद्दीकी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

## पारुल चौधरी, अविनाश साबले ने साउंड रनिंग ट्रैक फेस्टिवल में तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) के एथलीट पारुल चौधरी और अविनाश साबले ने रात लॉस एंजिल्स में आयोजित साउंड रनिंग ट्रैक फेस्टिवल में महिला और पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े।अविनाश ने 13:19.30 का समय निकालकर अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया, जो उनके पिछले 13:25:65 के समय से छह सेकेंड कम था।

हालांकि, सुर्खियां 28 वर्षीय पारुल चौधरी ने बनाई, जिन्होंने 2010 में ग्वांगझू में हुए एशियाई खेलों में प्रीजा श्रीधरन द्वारा बनाए गए 13 साल के लंबे रिकॉर्ड को पांच सेकंड से अधिक समय से तोड़ दिया। पारुल ने 15:10:35 का समय निकाला, जबकि पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड 15:15.89 का था।इस उपलब्धि पर पारुल ने कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है कि मैं पिछले 13 सालों से बरकरार एक रिकॉर्ड तोड़ने में सक्षम हूं। मैं अपने कोच, आईआईएस और जेएसडब्ल्यू



स्पोर्ट्स के लगातार समर्थन के लिए आभारी हूं, जिन्होंने प्रशिक्षण के लिए मेरी सभी आवश्यकताओं का ध्यान में रखा। 2019 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता ने अमेरिका में अपने प्रशिक्षण पर कहा, मैं अप्रैल से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रशिक्षण ले रही हूं, और मैं कहूंगी कि इस प्रशिक्षण से मुझे वास्तव में फायदा हुआ है। मुझे वह एक्सपोजर मिल रहा है जिसकी जरूरत है। मैं अपने परिणामों को बेहतर बनाने के लिए देश के बाहर प्रशिक्षण जारी रखूंगी। मैं हर दिन एक नया लक्ष्य निर्धारित करती हूं और इसे हासिल करने का लक्ष्य रखती हूं। मेरा अगला लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करना है, और मुझे विश्वास है कि मैं इसे कर लूंगी। मेरी अगली प्रतियोगिता 19 मई को है और मैं अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहती हूं।

## सब जूनियर महिला हॉकी राष्ट्रीय चैम्पियनशिप : पंजाब, आंध्र प्रदेश, चंडीगढ़ और बिहार ने दर्ज की जीत

**नई दिल्ली।** ओडिशा के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में चल रहे 13वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 के चौथे दिन हॉकी पंजाब, हॉकी आंध्र प्रदेश, हॉकी चंडीगढ़ और हॉकी बिहार ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की।दिन के पहले मैच में हॉकी पंजाब ने हॉकी गुजरात को 8-0 से हराया। शरणजीत कौर (9', 15'), और हरजोत कौर (33', 52') ने दो-दो, जबकि तनु रानी (28'), हरप्रीत कौर (33'), खुशबू (59') और सत्या (56') ) ने 1-1 गोल किया।

दिन के दूसरे मैच में आंध्र प्रदेश ने मणिपुर को 6-4 से हरा दिया। आंध्र प्रदेश के लिए कुप्पा तुलसी (1', 7', 18', 48') ने चार गोल किए, जबकि रमुला नागमणि (6', 38') ने दो गोल किया। वहीं, मणिपुर हॉकी के लिए लीशांगथेम नताली चानू (40%, 58') और टीम की कप्तान मुतुम प्रिया देवी (50', 52') ने दो-दो गोल किए।



इस बीच, हॉकी चंडीगढ़ ने दिन के तीसरे मैच में तेलंगाना हॉकी को 13-0 से हराया। सुप्रिया (13', 14', 19', 48', 60') ने पांच गोल किए जबकि तमन्ना (1', 32', 41') और पूजा (38', 45', 57') ने हैट्रिक बनाई। इसके अलावा कप्तान अंजलि (15', 44') ने दो गोल किये। दिन के चौथे मैच में हॉकी बिहार ने गोवा हॉकी पर 14-1 से शानदार जीत दर्ज की। हॉकी बिहार की कप्तान शांति कुमारी ने सात गोल (2%, 4%, 6%, 20', 21', 52', 60') किए, जबकि रिशु कुमारी ने चार (14', 24', 54', 59') गोल किये। इनके अलावा शारदा कुमारी (18 '), आकांक्षा यादव (39'), और नजिया खातून (45 ') ने 1-1 गोल किया।

गोवा हॉकी के लिए सलोनी श्रीकांत गावास (47) ने एकमात्र गोल किया।

## खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के जरिए राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी पर योगी सरकार की नजर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पहली बार होने जा रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स को सफल बनाने के लिए योगी सरकार बड़े पैमाने पर तैयारियों में जुटी है। सरकार के सभी विभागों से तैयारियों में सहयोग लिया जा रहा है तो पूरे प्रदेश में इसके प्रचार प्रसार के लिए सोशल मीडिया से लेकर जमीनी स्तर पर कार्ययोजना तैयार की गई है। प्रदेश में खेलों को हर स्तर पर बढ़ावा दे रहे मुख्यमंत्री योगी की नजर इन गेम्स का सफल आयोजन करके राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी हासिल करने पर है।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) जमीनी स्तर के खेलों को बढ़ावा देने और पूरे देश से युवा प्रतिभाओं की पहचान करने के लिए भारत सरकार की पहल खेलो इंडिया का एक हिस्सा है। यह आयोजन एक इंटर यूनिवर्सिटी मीट है जहां देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीट विभिन्न खेल आयोजनों में पदक के लिए जोर आजमाइश करते हैं।

**खेलों की ब्रांडिंग पर जोर**

प्राप्त जानकारी के अनुसार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के प्रचार के लिए ब्रांडेड वाहनों का उपयोग किया जाएगा, जिसमें लाउडस्पीकर से सभी चौराहों पर केआईयूजी 2022 का एंथम बजाया जाएगा। केआईयूजी 2022 के बारे में लोगों को जागरूक करने वाले होर्डिंग, प्लेकार्ड, लाउडस्पीकर के माध्यम से इन खेलों की ब्रांडिंग भी की जाएगी। लखनऊ और अन्य जिलों के सभी प्रमुख चौराहों पर भी बिग स्क्रीन लगाए जाएंगे।

अपर मुख्य सचिव खेल डॉ नवनीत सहगल ने आयोजन के दौरान दो अलग-अलग काउंटर बनाने के निर्देश दिए है, एक कॉफी-टेबल बुक के लिए और दूसरा ओडीओपी एक्सपो के लिए। यानी इसके माध्यम से प्रदेश के खेल उत्पादों समेत अन्य जिलों के प्रसिद्ध उत्पादों की मार्केटिंग की जाएगी।

**सोशल मीडिया पर भी होगा प्रचार**

सोशल मीडिया (फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, यूट्यूब) और डिजिटल मीडिया (प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, रेडियो) पर भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से दर्शकों को आकर्षित करने का प्रयास होगा। इसमें क्विज और कांटेस्ट जैसे माध्यमों से पब्लिक को जोड़ने के प्रयास होंगे। केआईयूजी दूरदर्शन खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 के लिए आधिकारिक टेलीविजन भागीदार होगा, जबकि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी इसका प्रसारण होगा जिसका चयन जल्द किया जाएगा। भारतीय खेल प्राधिकरण की मीडिया टीम भी पूरे भारत में इस खेल आयोजन के प्रचार के लिए स्थानीय मीडिया के साथ सहयोग करेगी।

**विभिन्न विभागों को दी गई जिम्मेदारी**

प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों के बीच समन्वय से गेम्स के आयोजन को तरजीह दी जा रही है। सभी को उनकी विशेषज्ञता के आधार पर जिम्मेदारी दी गयी है। सुरक्षा और ट्रैफिक की जिम्मेदारी यूपी पुलिस के जिम्मे रहेगी, जबकि इलेक्ट्रिसिटी की समुचित व्यवस्था के लिए पावर कॉर्पोरेशन को जिम्मेदारी दी गई है। म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन को वेन्यू और इसके आसपास सौंदर्यीकरण का जिम्मा मिला है तो टूरिज्म डिपार्टमेंट को प्रदेश की प्रमुख साइट्स की ब्रांडिंग का काम करना है।

**पहली बार उप्र को मिली है मेजबानी**

उप्र ने पहले भी कई खेलों की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी की है। लेकिन यह पहला मौका है जब मल्टी स्पोर्ट्स वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी उत्तर प्रदेश को मिली है।

## जूडो विश्व चैंपियनशिप में रूस की वापसी, यूक्रेन ने किया बहिष्कार

**दोहा।** रूसी एथलीटों ने लगभग एक साल बाद वापसी करते हुए जूडो विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लिया, हालांकि यूक्रेन ने प्रमुख ओलंपिक क्वालीफायर का बहिष्कार किया है।बतौर व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट प्रतिस्पर्धा करते हुए, रूसियों की दोहा में धीमी शुरुआत हुई। उनकी पहली प्रतियोगी, सबीना गिलियाज़ोवा, फ्रांस की ब्लांडाइन पोंट से अपने शुरुआती मैच में हार गई। तीन और रूसी आज प्रतिस्पर्धा करने वाले हैं।

रूस से सत्रह जूडोका और उसके सहयोगी बेलारूस से दो को विश्व चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धी के रूप में सूचीबद्ध किया गया था, जबकि उनमें से कई के रूसी सेना के साथ स्पष्ट संबंध थे। यूक्रेन ने विरोध में पिछले सप्ताह अपनी टीम को टूर्नामेंट से हटा दिया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक



समिति (आईओसी) ने रूसियों और बेलारूसियों को अगले साल के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंटों में राष्ट्रीय प्रतीकों के बिना तटस्थ एथलीटों के रूप में प्रतिस्पर्धा करने के अनुमति दी है। हालांकि आईओसी ने रूसी और बेलारूसी खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देने या न देने का निर्णय प्रत्येक खेल के शासी निकायों पर छोड़ दिया है।

# गुजरात टाइटंस ने लखनऊ को 56 रन से हराया, गिल, साहा की धमाकेदार पारी

**अहमदाबाद।** सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (नाबाद 94) और ऋद्धिमान साहा (81) के बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों की बदौलत गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के 51वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 56 रनों से हरा दिया। इस मैच में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 2 विकेट पर 227 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया, जवाब में लखनऊ की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 171 रन ही बना सकी।

228 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की टीम के लिए केवल काइल मेयर्स और क्विंटन डी कॉक ही कुछ संघर्ष कर सके। मेयर्स ने 32 गेंदों में 7 चौके और 2 छक्के की



बदौलत 48 रन बनाए, जबकि डी कॉक ने बेहतरीन अर्धशतक लगाते हुए 41 गेंदों में 7 चौके और 3 छक्के की बदौलत 70 रन बनाए।

इन दोनों के अलावा केवल आयुष बडोनी (21) ही कुछ संघर्ष कर सके। लखनऊ की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 171 रन ही बना सकी और 56 रनों से मैच हार गई।

इससे पहले गुजरात ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 2 विकेट पर 227 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए नाबाद 94 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 51 गेंदों पर 2 चौके और सात छक्के की बदौलत नाबाद 94 रन बनाए।

वहीं, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा ने 43 गेंदों पर शानदार 81 रनो की पारी खेली। साहा ने 43 गेंदों का सामना किया और 10 चौके और 4 छक्के लगाए।

इन दोनों के अलावा कप्तान हार्दिक पांड्या ने 25 और डेविड मिलर ने नाबाद 21 रन बनाए। लखनऊ की तरफ से आवेश खान और मोहसिन खान ने 1-1 विकेट लिया।

## न्यू साउथ वेल्स ने ग्रेग शिपर्ड को पुरुष टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया

**मेलबर्न।** क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) ने ग्रेग शिपर्ड को पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। तीन दशक से अधिक के अनुभव और इतिहास में सबसे सफल घरेलू कोचिंग रिकॉर्ड में से एक के साथ, शिपर्ड अब अपना ध्यान एनएसडब्ल्यू को एक खिताब दिलाने में ध्यान केंद्रित करेंगे। एनएसडब्ल्यू की टीम शेफील्ड शील्ड में सबसे नीचे है और वर्तमान में 12 मैच खेल चुकी है और अभी तक एक में भी जीत नहीं मिली है। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया और तस्मानिया के साथ एक लंबे करियर में, बल्ले से 40 से अधिक की औसत से 112 प्रथम श्रेणी मैच खेलते हुए, शिपर्ड विश्व क्रिकेट में सबसे सम्मानित कोचों में से एक हैं।

11 वर्षों से अधिक समय तक तस्मानिया को कोचिंग देने और 12



वर्षों तक विक्टोरिया का नेतृत्व करने के बाद, शिपर्ड की टीमें नियमित शेफील्ड शील्ड फाइनलिस्ट थीं, जिसमें विक्टोरिया ने चार (2003-04, 2008-09, 2009-10, 2014-15) खिताब जीते।क्रिकेट एनएसडब्ल्यू के सीईओ ली जरमोन ने एनएसडब्ल्यू द्वारा जारी एक बयान में शिपर्ड के व्यापक अनुभव और क्षमताओं की सराहना करते हुए कहा, ग्रेग शिपर्ड की मैदान पर और बाहर उत्कृष्टता की निरंतर खोज ठीक वही है जो हम मानते हैं कि हमें अपने ब्लूज़ कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। वह हमारे मूल्यों और दृष्टि से जुड़े हुए हैं, और हम उसे सफलता प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।

शिपर्ड ने कहा, मैंने पिछले आठ सत्रों में एनएसडब्ल्यू क्रिकेट के साथ अपनी भागीदारी का भरपूर आनंद लिया है। मुझे लगता है कि मैं इस मौजूदा खेल समूह में योगदान दे सकता हूं क्योंकि वे हमारे नए घर, क्रिकेट सेंट्रल से रोमांचक भविष्य की शुरुआत कर रहे हैं। एनएसडब्ल्यू क्रिकेट प्रणाली मजबूत बनी हुई है और इसके उत्कृष्टता का एक इतिहास है और मैं उस इतिहास की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अपना अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार हूं।

